स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनेंगे 4 हजार शौचालय

फतेहपुर: स्वच्छ भारत-मिशन योजना के तहत चार हजार घरों को शौचालय से संतृप्त किया जाएगा। योजना के तहत मांगे गए ऑनलाइन आवेदनों के क्रम में कार्य तेजी से चल डगरा है। खुले में शौच की प्रथा को रोकने के लिए जिन घरों में शौचालय नहीं हैं उन घरों को जोड़ा जा रहा है। 8 हजार की कुल लागत वाले इन शौचालयों में 50 फीसद केंद्र सरकार और शेष 50 प्रतिशत प्रदेश सरकार दे रही है। जिससे कि घर से बाहर शौचक्रिया जाने की व्यवस्था पर विराम लग सके। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद पालिका प्रशासन की टीम भौतिक सत्यापन करती है। जिसके बाद फाइनल रिपोर्ट लगती है। तीन माह पूर्व लागू की गई योजना में अब तक 4 परिवारों के आवेदन सत्य पाए गए हैं। जिन्हें चिन्हित करते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रश्मि भारती ने बताया कि केंद्रांश के रूप में 25 फीसद राशि मिल गई है। लाभार्थी को खुद काम करवाना होगा निर्माण का काम 25 फीसद पूरा होने पर उसके खाते में धन भेजा जाएगा। इसके बाद ज्यों ज्यों निर्माण कार्य पूरा होता जाएगा नियमों का पालन करते हुए प्राप्त धन को लाभार्थी के खाते में भेजने के आदेश हैं।